# आत्मरक्षा से बढ़ता आत्मविश्वास

लखनऊ। कश्मीरी मोहल्ला स्थित म्यूनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज में शनिवार को करीब 350 छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगर निगम कार्यकारिणी समिति में लिए गए निर्णय के अनुसार जैक्सन ग्रुप के लेट्स गिव होप फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर ने कहा कि आत्मरक्षा का गुर सीखने से आत्मविश्वास बढ़ता है। जिस दिन बेटियां शिक्षित होकर आत्मरक्षा के तरीके सीख लेंगी, उस दिन वह हर अत्याचार का मुंहतोड़ जवाब भी दे सकेंगी। ग्रुप के वरिष्ठ प्रबंधक कुमार अविषेक मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

Scanned with CamScanner